प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या **081 / 2025**)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली 26 अगस्त 2025 तत्काल प्रकाशन हेतु

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने मथुरा शहर में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने जुलाई 2025 के दौरान व्यापक शहर मार्गों को कवर करते हुए उत्तर प्रदेश पश्चिम लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किये। भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की देखरेख में किए गए ये ड्राइव टेस्ट, शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन हब और उच्च गति के गलियारों में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किए गए थे।

17 जुलाई 2025 से 19 जुलाई 2025 के बीच भादूविप्रा टीमों ने 214.7 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 08 हॉटस्पॉट लोकेशनों और एक स्थान पर इंटर-ऑपरेटर कॉल करने के लिए विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई प्रौद्योगिकियों में 2जी, 3जी, 4जी और 5जी शामिल हैं, जो विभिन्न क्षमताओं वाले हैंडसेट में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाता है। आईडीटी के निष्कर्षों की सूचना सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही दी जा चुकी है।

**मूल्यांकन किए गए प्रमुख पैरामीटर :**

**क) वॉइस सेवाएं:** कॉल सेटअप सक्सेज रेट (सीएसएसआर), ड्रॉप कॉल रेट (डीसीआर), कॉल सेटअप टाइम,कॉल साइलेंस रेट , स्पीच क्वालिटी (एमओएस), कवरेज।


**ख) डेटा सेवाएँ:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट और वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।

**कॉल सेटअप सक्सेज रेट**- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल सेटअप सक्सेज रेट क्रमशः 100.00%, 84.21%, 99.48% और 99.74% है।

**ड्रॉप कॉल रेट :** आटो सेलेक्शन मोड(5G/4G/3G/2G). में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की ड्रॉप कॉल रेट क्रमश: 0.00%, 3.13%, 0.00%, और 0.00%, है।

**प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन**

**सीएसएसआर** : कॉल सेटअप सक्सेज रेट (% में), **सीएसटी**: कॉल सेटअप टाईम (सेकंड में), **डीसीआर** : ड्रॉप कॉल दर (% में) और **एमओएस** : मीन ओपिनियन स्कोर ।



**सारांश-वॉयस सेवा**

**कॉल सेटअप सक्सेज रेट:** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल सेटअप सक्सेज रेट क्रमशः 100.00%, 84.21%, 99.48% और 99.74% है।

**कॉल सेटअप टाईम:** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाईम क्रमशः 1.22, 3.08, 0.75 और 0.62 सैकेंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 3.13%, 0.00% और 0.00% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नेटवर्क **(5G/4G) में एयरटेल**, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की साइलेंस कॉल रेट क्रमशः1.03%, 0.70%, 1.38% % और 1.71% % है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का औसत क्रमशः 3.95, 2.60, 3.77 और 4.44 है।

**सारांश-डाटा सेवा**

**डेटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 141.46 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 4.76 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) is 176.81 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की 38.53 Mbps है ।

**डेटा अपलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) औसत अपलोड स्पीड 26.54 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 5.46 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 25.38 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की 12.55 Mbps. है ।

**लेटेंसी (समग्र)::**एयरटेल,बीएसएनएल,आरजेआईएल और वीआईएल की 50वी पर्सेन्टाईल लेटेन्सी 20.85 ms, है बीएसएनएल की 26.60 ms, आरजेआईएल की 17.75 ms और वीआईएल की 32.90 ms. है ।

**डेटा निष्पादन - हॉटस्पॉट ( Mbps में ):**

| | |
|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 28.71 4G U/L: 11.38 |
| | 5G D/L: 154.77 5G U/L: 47.74 |
| बीएसएनएल - | 4G D/L: 4.94 4G U/L: 6.61 |
| आरजेआईएल - | 4G D/L: 25.61 4G U/L: 11.16 |
| | 5G D/L: 232.73 5G U/L: 39.05 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 30.43 4G U/L: 14.05 |

**Note- "D/L" Download speed, "U/L" Upload speed**

मथुरा में मूल्यांकन में गोवर्धन, जीखनगांव, छतीकरा, वृंदावन, पानीगांव खादर, डीवाना, हयातपुर, महाबन बांगड़, गोकुल, मथुरा रिफाइनरी नगर, महोली, दतिया, पाली खेड़ा और जनम भूमि आदि जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे। भादूविप्रा ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, जिला अस्पताल मथुरा, जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा जिला न्यायालय, मथुरा रेलवे स्टेशन, न्यू बस स्टैंड मथुरा, प्रेम मंदिर, विश्रामघाट में रीयल वर्ल्ड परिस्थितियों का भी मूल्यांकन किया।

ये टेस्ट भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों और रीयल टाईम वातावरण में मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करके किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए भादूविप्रा के सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली) श्री विवेक खरे से ईमेल adv.ca @trai.gov.in या दूरभाष नंबर 91-11-2090772 पर संपर्क किया जा सकता है।

विवेक खरे
26/8/2025

(विवेक खरे)

सलाहकार, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली, भादूविप्रा